राष्ट्रीय कृषि परियोजना के अधीन लक्ष्य

3317. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय कृषि विस्तार परियोजना के अंतर्गत कर्मचारी, सिविल निर्माण कार्य, वाहन एवं प्रशिक्षण कार्य के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री और कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री एस० कृष्ण कुमार) : (क) जी, हां, । लेकिन, बहुत हद तक लक्ष्य प्राप्त किए जा चुके हैं ।

(ख) राष्ट्रीय कृषि विस्तार परियोजना के अंतर्गत प्रत्येक कार्यान्वयक राज्य के लिए स्टाफ, निर्माण कार्य, वाहनों की खरीद और स्टाफ के प्रशिक्षण जैसे घटकों के बारे में अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं । निर्धारित किए गए लक्ष्य पूरे करने की बुनियादी जिम्मेदारी इसमें शामिल राज्य की हैं ।

इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए संबंधित राज्य-सरकारों को कर्मचारियों के विभिन्न पदस्वीकृत करने होते हैं, वाहनों की मंजूरी देनी होती है, निर्माण काय करने होते हैं, स्टाफ को प्रशिक्षार्थ भेजना होता है । लेकिन राज्य सरकारों के सामने आने वाली कठिनाईयों अर्थात् पदों के सृजन या वाहनों की खरीद पर रोक, कुछेक मामलों में स्टाफ की तैनाती के बारे में कानूनी विवादों, कतिपय मामलों में भूमि की अनुपलब्धता, लागत में वृद्धि अपर्याप्त बजट सहायता आदि जैसे विभिन्न कारणों से निर्माण कार्य में विलम्ब, राज्य सरकार द्वारा प्रशिक्षण के लिए लक्षित संख्या में अधिकारी न भेज पाने के कारण तय लक्ष्यों और वास्तविक उपलब्धियों में अन्तर रह जाता हैं । उपलब्धि का स्तर हर राज्य में भिन्न होता है जो किसी राज्य विशेष की विशिष्ट कठिनाईयों पर निर्भर करता है ।

Setting up of oil research center at Venkataramanagudem

3318. DR. NARREDDY THULASI REDDY: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether the Government of Andhra Pradesh has submitted a proposal for the establishment of Oil Palm Research Centre at Venkataramanagudem in Andhra Pradesh; and

(b) if so, what action has been taken by the Government of India?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI S. KRISHNA KUMAR): (a) No, Sir. the Government of Andhra Pradesh had sent a proposal for setting up of National Research Centre for Oil Palm at Pedavegi and not Venkataramanagudem in Andhra Pradesh;

(b) Decision to set up National Research Centre at Pedavegi (Andhra Pradesh) has been taken. Draft Memorandum of Understanding and lease Deed format has been sent to the State Government of Andhra Pradesh for signing/ execution before ICAR take over the land to start research activities thereon.

जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर

3319. **श्री शिव प्रसाद चनपुरिया** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कपा करेंगे कि :

(क) जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय , जबलपुर में राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान परियोजना के अधीन भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि आवंटित की गई है ;